# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया — सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com

संस्करण : धनबाद | सोमवार 29 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया




## इंडी गठबंधन दिशाहीन, एनडीए के पास प्रगति को गति देने का संकल्पः सुदेश महतो

- गिरिडीह समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की है तैयारी
- बोकारो के चंद्रपुरा में मिलन समारोह आयोजित, सैकड़ों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

(न्यूज12 भारत)

रांची : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इस बार का आम चुनाव कई मायने में अहम है। प्रगति को गति देने के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है, तो दूसरी तरफ नेतृत्व विहीन इंडी गठबंधन नकारात्मकता फैलाने में जुटा है।

उक्त बातें पर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल महतो अपने



सैकड़ों समर्थकों के साथ सुदेश महतो की उपस्थिति में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के नेतृत्व करने वाले को चुनने के लिए भी है। अब तक दो चरणों में हुए मतदान में जो संकेत मिल रहे हैं उससे जनता ने नरेंद्र मोदी जी के संकल्प और मंत्र- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा किया है।

उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में एनडीए की बड़ी जीत के साथ यहां की जनाकांक्षाओं को पूरे करने के लिए हम सभी को मिलकर अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस की विदाई यही लोकसभा चुनाव में तय हो जाएगी। आजसू ने गिरिडीह के विकास को अपना लक्ष्य माना है और झामुमो-कांग्रेस वालों का काम है पहले अपना अपना घर भरना। अब जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है।

इस मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लखन लाल महतो ने कहा कि सुदेश महतो के विचार, सोच व आजसू पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूँ। पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जायेगी उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी के नीति सिद्धान्तों को जन जन तक पहुचाएंगे।

इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमेन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, महासचिव लंबोदर महतो, यशोदा देवी, मुकुंद चंद्र मेहता, अजय सिंह, संतोष महतो (तोपचांची), काशीनाथ सिंह, सचिव संतोष महतो, नवीन महतो, राजेश महतो, हलधर महतो, जयलाल उर्फ जेली महतो, रिंकी देवी उप प्रमुख चंद्रपुरा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सदस्यता ग्रहण

लखन लाल महतो की अगुवाई में नेपाल महतो, सीमा देवी, सुमित्रा देवी, बुद्धिनाथ महतो, ताराचंद महतो, सविता देवी, सुरेश महतो, निखिल कुमार, अनिता देवी, पूनम देवी, दिलीप कुमार, राजेन्द्र महतो और परसबनी पंचायत से नमिता देवी, गीता देवी, लाखिया देवी, दिलीप सिंह, इंद्रलाल सिंह, चितनारायन सिंह, ज्ञानती देवी, गीता देवी, आशा देवी, राजेन्द्र, राजेश, बुद्धिनाथ, ताराचंद, दिलीप, बिंदेश्वर समेत सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## एक नजर

### 30 अप्रैल को मारवाड़ी समाज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को करेगा सम्मानित



(न्यूज12 भारत)

रांची : संपूर्ण मारवाड़ी समाज द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची मे 30 अप्रैल को शाम 7:30 बजे भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मान समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मारवाड़ी समाज के सभी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारवाड़ी समाज द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसमें ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, शिव शंकर साबू, डॉ वी.के. जैन, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, नरेंद्र गंगवाल, विष्णु सेन, रमेश शर्मा, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, विनीता सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, सौरभ बजाज, हेमंत महेश्वरी, आदि को शामिल किया गया है। संजय सर्राफ को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल को मंच सज्जा एवं अजय खेतान को भोजन व्यवस्था का प्रभार दिया गया है।

### स्टार परफॉर्मर ऑफ़ द मंथ' को स्कालर आफ हानर दिया गया



(न्यूज12 भारत)

गया।गया नगर निगम के द्वारा स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ"स्टार परफोर्मेंस आफ द मंथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों को निगम आयुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया। दिनांक 27 अप्रैल को गया नगर निगम की नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र, झाड़ू देने वाले एवं ड्राइवरो को सम्मानित किया गया है। माह मार्च 2024 में किए गए कार्य के मूल्यांकन के उपरांत "स्टार परफॉर्मर ऑफ़ द मंथ" को स्कालर आफ हानर दिया गया। ड्राइवर में दीपक कुमार एवं रविकांत सिंह ,डोर टू डोर सफाई मित्र, वार्ड 20 से रमेश कुमार एवं लक्ष्मण माझी , झाड़ूकश में अनीता देवी, वार्ड 51 एवं दुर्गा देवी, वार्ड 7 एवं जोनल प्रभारी अनंत कुमार मिश्रा को स्कालर आफ आनर देकर सम्मानित किया गया । निगम आयुक्त से सम्मानित होने के बाद सफाई मित्र काफी खुश दिखे। निगम आयुक्त ने बताया इस कार्यक्रम के होने से सफाई कर्मियों में अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम के सफाई कर्मी एवं पदाधिकारी नगर को स्वच्छ रखने में लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चैती छठ, ईद ,रामनवमी जैसे पर्व में निगम के कर्मियों ने सामूहिक रूप से कार्य करने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है ।

## भाजपा ने लोगों को ठगने का काम किया - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील के साथ धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने रविवार को धनबाद और झरिया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया।



जन संपर्क अभियान के तहत धनसार में गीता सिंह, गंगा देवी, सविता देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, मुस्कान सिंह, खरीकाबाद में कारो देवी, विमला देवी, शांति देवी, कारकेंद्र स्टेशन के पास साबो देवी, किरण देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, बोररागढ़ में फुलकुमारी देवी, सविता देवी, सुनैना देवी, संगीता देवी, कलावती देवी, शाहिना बानो, सविता कोड़ा, जानकी देवी, कलावती देवी, उकैया बीबी, फूलो देवी, नीतू देवी आदि शामिल थी।

धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने मौके पर कहा कि भाजपा ने विभिन्न योजनाओं के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया है। भाजपा सरकार की योजना सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित रही है। जन संपर्क अभियान के तहत लोगों से मिलने पर असली सच्चाई सामने आ रही है। जब लोगों ने बताया कि उन्हे सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला। शौचालय योजना, आवास योजना, राशन कार्ड जैसी योजना से भी लोग वंचित हैं।

सीता राणा ने कहा कि भाजपा आज मोदी की गारंटी दे रही है जबकि सच्चाई यह है कि योजना का लाभ गरीबों, पिछड़ों तक

## फर्जी पत्रकार का आरोप लगा की गई मारपीट, निकला असली

(न्यूज12 भारत)





रांची। पिछले दिनों समाचार संकलन के दौरान नामकुम में कुछ सामाजिक तत्वों ने ऑन द स्पॉट 24 चैनल के क्राइम रिपोर्टर मोहम्मद परवेज और अनुराधा शर्मा के साथ मारपीट की गई। इन्हें फर्जी पत्रकार कहा गया जबकि सच्चाई थी कि वे दोनों ऑन द स्पॉट 24 चैनल के क्राइम रिपोर्टर थे। लगातार नशा बाजी के खिलाफ समाचार दिखाए जाने से गुस्साए इस अवैध धंधे से जुड़े कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। समाचार दिखाए जाने के बाद कुछ लोग हिरासत में भी लिए गए थे। अवैध धंधे से जुड़े लोगों का पर्दाफाश अपने चैनल के माध्यम से वे लगातार कर रहे थे। कई वीडियो क्लिप में उनके संपादक ने भी उनके कार्यों को सही ठहराया था। मोहम्मद परवेज और अनुराधा शर्मा का कहना है कि संस्थान द्वारा परिचय पत्र भी जारी किए गए थे, जिसके आधार पर उन्होंने रांची के कई प्रशासनिक अधिकारियों व एवं जन सेवकों का साक्षात्कार भी लिया है।

## समाजसेवी डॉ प्रकाश चंद्रा के पहल पीड़ित परिवार को पहुंचाई गई राहत सामग्री

(न्यूज12 भारत)

औरंगाबाद जिले के दाउदनगर प्रखंड के तरार गांव निवासी अवधेश राम के घर आगलगी की अत्यंत दुखद घटना घट गई। विनोद दुबे के माध्यम से इस दुखद घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार के यहां राहत सामग्री ले कर पहुंची 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चन्द्रा' की टीम।

अवधेश जी के घर उनकी बिटिया की शादी थी। इसी में घटित इस दुखद घटना में उनके घर का सारा सामान जल कर खाक हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। अचानक घटित इस घटना से उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

इस दुखद घटना की जानकारी प्राप्त होते हीं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव,



राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चन्द्रा' के संरक्षक एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० प्रकाश चंद्रा ने अपनी टीम के सदस्यों को मदद ले कर पहुंचने का आग्रह किया। प्रकाश चंद्रा का निर्देश मिलते ही 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चन्द्रा' के सम्मानित सदस्य उनकी मानवीय पहल 'राहत' के तहत मदद के रूप में रेड क्रॉस किट के साथ साथ बुनियादी सुविधाओं वाली राहत सामग्री ले कर पीड़ित परिवार की मदद के लिए पहुंचे।

प्रकाश चंद्रा ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्होंने इस नेक कार्य हेतु टीम के सदस्य चिंटू मिश्रा , मुकेश मिश्रा , नीतीश यादव , प्रशांत इंद्रगुरू , गोपाल सिंह , सुधीर कुमार , जगन्नाथ प्रसाद, सीता देवी एवं नवीन कुमार की सराहना की है।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक

(न्यूज12 भारत)

धनबाद | राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा कार्य कारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है की आज महागठबंधन के राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जीत दिलाने के लिए सभी कोलियारियों के सचिव अध्यक्ष एरिया के सचिव अध्यक्ष केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी और इंटक के पदाधिकारी गणों से



अनुरोध किया गया है कि पहले आज बैठक दिन के 11:00 बजे रखा गया था लेकिन श्रीमती कल्पना सोरेन जी का नामांकन दाखिल आज ही हो रहा है और उसमें हमारे प्रत्याशी तथा यूनियन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह भी उसमें सम्मिलित होंगे इसलिए अब यह कार्यक्रम 29 अप्रैल 2024 को ब्लैकरॉक होटल में संध्या 4:00 बजे होना निश्चित हुआ है आप लोगों की असुविधा के लिए बहुत ही खेद है सभी पदाधिकारी से आग्रह है की आप निश्चित समय 4:00 बजे आकर अपनी राय दें तथा उम्मीदवार को जीताने में अपना सहयोग दें बैठक में मुख्य रूप से इंटर के सी पी संतन राम प्रीति यादव वैभव सिंह मिथिलेश सिंह बीपी अम्बष्ठ वगैरह शामिल थे|

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : धनबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी का झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा हुआ एवं दौरा के क्रम में लोगों ने उन्हें जोरदार स्वागत किया,कार्यक्रम के क्रम में उन्होंने कतरास मोड़ में मजदूर नेता स्व.सूर्यदेव सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया,उसके बाद में कतरास मोड़ स्थित झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय पहुंचकर स्वर्गीय नीरज सिंह के प्रतिमा पर ममाल्यार्पण किया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू जी,जयप्रकाश नारायण जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया,प्रत्याशी का बस्ताकोला में यात्री पासवान



के घर के सामने जोरदार स्वागत,लक्ष्मीनिया मोड़ में किशन साहू पहलवान की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं वहां प्रत्याशी का जोरदार स्वागत,सब्जी पट्टी में टेंपो चालकों एवं स्थानीय लोगों के द्वारा एवं राज ग्राउंड में विक्रमा यादव के घर के सामने एवं चार नंबर टैक्सी स्टैंड में वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया,दौरा के क्रम में लक्ष्मीनिया मोड़ से इंदिरा चौक तक रोड शो एवं इंदिरा चौक में इंदिरा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं इंदिरा चौक से शमशेर नगर ऊपर कुल्ही तक पदयात्रा कार्यक्रम किया गया उक्त सभी कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे;, कार्यक्रम के क्रम में झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया झरिया में लोगों के द्वारा किया गया स्वागत एवं लोगों का अपार समर्थन व स्नेह को देखकर प्रत्याशी उत्साहित हुए!

दौरा के क्रम में प्रत्याशी अनुपमा सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्तार खान के आवास पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया!

कार्यक्रम के क्रम में प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा की कोयलांचल सहित पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भय और आतंक को खत्म करने के साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारना एवं विकास संबंधित कार्यों को करना पहली प्राथमिकता होगी,आगे उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के क्रम में लोगों का अपार और स्नेह देखकर हमें विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी धनबाद लोकसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी, और निश्चित रूप से जीतने के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरेंगी!

कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी विक्रम यादव नवीन सिंह गणेश बहादुर पार्षद हुलासो देवी इरफान खान चौधरी पिंटू तुरी बाबू अंसारी सूरज वर्मा महेंद्र पासवान वीरेंद्र बहादुर आनंद मोदक टीपू साव संतोष लाल दीपक सिंह आरिफ खान मोहम्मद फैज गौतम पासवान मुनमुन सिंह राजेश सिंह बंटी राखी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे!

# वरिष्ठ पत्रकार इश्तियाक अहमद ने चुनाव लड़ने की घोषणा किया

**6 मई को करेंगे चुनावी पर्चा दाखिल, निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में पत्रकार इश्तियाक अहमद लड़ेंगे चुनाव**

बेरमो से राजेश मिश्रा

बेरमो - इस बार के लोक सभा चुनाव के दौरान अनेको घटनाएं ऐसे घट रहे हैं जिसे देख व सुन आंखो और कानों पर भरोसा ही नहीं होता खासकर गिरिडीह लोक सभा चुनाव की अगर चर्चा करे तो यहां काफी ओहा पोह यानी ना समझ आने वाली स्थिति नजर आती है। बताता चलू की सिटिंग सांसद की बात करे तो यहां से एनडीए गठबंधन आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी है और दुसरी बार फिर चुनावी मैदान में प्रबल दावेदार के रुप में होने के बाद भी जनता के सवालों से भागते नजर आ रहे हैं। वही इंडी गठबंधन कांग्रेस के मथुरा प्रसाद महतो के अलावे इसी बीच एक पत्रकार सह खेतको निवासी मो इश्तेयक अहमद निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के लिए चुनावी रण में उतने लिए कमर कस छह मई को नामांकन करने की घोषणा



कर दी है। इन्होंने मिडिया से बात करते हुए बताया कि फिलवक्त चुनाव प्रक्रिया से मुस्लिम समुदाय के लोगो को बाहर का रास्ता दिखाने का काम हर पार्टी ने किया है जिससे अल्पसंख्यक समुदाय खुद को ठगा सा और उपेक्षित महसुस कर रहा। इन्ही उपेक्षा पुर्न निति के विरुद्ध उन्होंने चुनावी मैदान में उतरने का मन बनाया और लोगो के मिल रहे जन समर्थन से उनका हौसला और भी बढ़ा। और अंततः उन्होंने नामांकन करने की तिथि की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक दलों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे कई बड़े नेताओं के पसीने छुटने अभी से ही शुरू हो गए हैं।

किन किन का मिल रहा है इन्हे समर्थन - निर्दलीय प्रत्याशी श्री अहमद के अनुसार उन्हें एआईएमआईएम, भारतीय मानवता जन अधिकार पार्टी, समता सैनिक दल, अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एंव मिडिया संगठन एजुकेशन सेल का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में जन कल्याण कार्यों की लम्बी फेहरिस्त जारी करते हुए दावा किया कि उसकी जीत सुनिश्चित है। कहा कि वे अच्छे खासे वोट से इस लोक सभा के चुनाव में जीत दर्ज करेगे। अब समय तय करेगा की उक्त प्रत्याशी के दावों मे कितना दम है।

जीतने के बाद जन कल्याण के कौन कौन से काम करने का किया दावा-यूं तो चुनाव के समय प्रत्याशियों द्वारा वोट हासिल करने के लिए लंबे लंबे दावे किए जाते हैं इसी क्रम में निर्दलीय प्रत्याशी श्री अहमद ने चुनाव जितने के बाद लोगो को जो लाभ पहुंचाने के दावे कर रहे हैं उसमे

50,000 सालाना रोजगार, के अलावे अनेको लोक लुभावन दावे शामिल हैं।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नोमनेशन एवं जनसभा पर की गई चर्चा



(न्यूज12 भारत)

धनबाद: भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर मनईटांड़ मंडल के शक्ति केंद्र 30A के सभी बुथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र के संयोजक, प्रभारी, सहसंयोजक,बुथ संख्या 324,325,326,327,328,329,330,331,332 के बुथ अध्यक्ष, बुथ के सचिव, एवं बुथ के BLA 2 की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी 30/4/2024 को बाघमारा के विधायक, भाजपा प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो जी के नोमनेशन एवं जनसभा की चर्चा की गई ज्यादा से ज्यादा संख्या उपस्थित हो इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री रमेश राही जी, मंडल अध्यक्ष श्री मौसम सिंह जी ,शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं जिला मीडिया सह प्रभारी श्री चंद्रशेखर मुन्ना जी, शक्ति केंद्र के संयोजक काशी दास जी, सोना रजक जी, शंकर चौहान जी इत्यादि उपस्थित हुए।

## पटवा टोली दुर्गा स्थान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर



(न्यूज12 भारत)

गया: बिहार के मैनचेस्टर कहे जाने वाले मानपुर पटवा टोली के दुर्गा स्थान में पटना के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष पांडेय, पेनकार्डिया हॉस्पिटल के पूरे टीम के साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर गरीब मजदूर वर्ग के लोगों का निःशुल्क ईलाज कर दवा का वितरण किया है।इस अवसर पर डॉक्टर संतोष पाण्डेय ने कहा कि भारत में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसके कारण जानकारी के अभाव में गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को असमय मृत्यु हो जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण है समय पर स्वाथ्य जांच नही करवाना। पैनकार्डिया हॉस्पिटल समय समय पर ऐसे क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब रोगियों को जांच पड़ताल कर दवा देकर उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सहयोग किया जाता है। इसलिए इस तरह के निःशुल्क शिविर लगाया जाता है।डॉक्टर पांडेय ने कहा कि श्री दुर्गा जी पटवाए जाति सुधार समिति द्वारा सहयोग किया गया इसके लिए पूरा पटवा बुनकर समाज का आभार व्यक्त करते हैं।

## 140 करोड़ भारतीय मोदी का परिवार हैं : संजय सेठ

(न्यूज12 भारत)

रांची : आज कानू झारखंड संघ कानू समाज के द्वारा आयोजित बैठक में रांची सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ शामिल हुए जहां समाज के लोगो के साथ उन्होने देश और इसके विकाश के लिए किए गए कानू समाज के बलिदान और कार्यो की उन्होने सराहना की , झारखंड कानू संघ द्वारा उन्हे प्रभु श्री राम की छाया आकृति उनको प्रेम सरुप संघ द्वारा भेट की गई।

मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने उन्हे पुस्पगुच भेटकर स्वागत किया। मौके पर संजय सेठ ने कहा आज हमारे प्रधानमंत्री ने पीछले दस वर्षो में देश का सार्वांगिक विकाश किया है चारो ओर लोग इसको महसूस कर सकते है , मोदी जी ने देश की 140 करोड़ परिवारजनों का विकाश जाति, धर्म , पंथ सामाजिक इस्तिति के बंधन



से बहार निकलकर विकाश किया क्योंकि मोदी जी का मानना है की देश में सिर्फ 4 जातीय है, महिला, युवा, किसान और गरीब सभी लोग इसी के अंदर आते है और हमारा प्रयास है की इस सभी का पूरा विकाश किया जाय, आज प्रभु राम के मंदिर को देखकर सभी भारतवासियों को कितना आनंद आता है इसको इसको शब्दो में नहीं बताया जा सकता, और देश की प्रगति में जब भी हम वैश्य समाज कानू समाज को देखते है तो इन्होंने हर जगह न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि राष्ट्र निर्माण में ये सदैव आगे रहते है और भाजपा भी हमेशा इनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी थीं खड़ी है और खड़ी रहेगी।

मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज के आखरी पायदान में खडे वयक्ति का विकाश करना है ।उन्होने कहा हम अंतोदय के मंत्र से कार्य करते है, प्रधानमंत्री मोदी भी सर्व समाज के विकाश का कार्य को पीछले 10 वर्षो से जिस गति से किया है वो अभूतपूर्व है , आज हमारा देश का हर वर्ग हर स्तर पर बाद रहा है समाज समृद्धि की ओर बड़ रहा है, आज हर समाज जागरूक है अपने हक और अधिकारों के लिए सजग है आज इतनी बड़ी संख्या में समाज के लोग एक जगह अपने समाज की उन्नति के लिए बैठे है देखकर अच्छा लगता है।मौके पर मुख्यरूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, कानू संघ संरक्षक सुरेन्द्र राम , नरेश साहू अध्यक्ष,गणेश प्रसाद साहू , सुनील कुमार, मनोहर साहू, तारकेश्वर साव, राजेंद्र साहू, पप्पू वर्मा, तरुण दास, चुन्नू साव, सूरज साहू, बिहारी लाल साहु, पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## अनुभूति एक एहसास की छठवां ऑल इंडिया संस्कृत फेस्टिवल और कंपटीशन संपन्न



(न्यूज12 भारत)

धनबाद: अनुभूति एक एहसास की छठवां ऑल इंडिया संस्कृत फेस्टिवल एवं कंपटीशन धनबाद स्थित रेलवे स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुई।इसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेक्रेटरी वैभव सिन्हा, काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, द क्लब इंडिया के निदेशक संतोष रजक, आकाश सिंह, संजय चंद्रा एवं अनुभूति एक एहसास के सेक्रेटरी सरसी चंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित करके की गई। कार्यक्रम का आरंभ श्रुति चंद्र के द्वारा मनमोहक शिव वंदना की प्रस्तुति के साथ हुई।इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सिंगल ड्यूल और ग्रुप में मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुति के जरिए सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन के पूर्व अनुभूति एक एहसास के बच्चों द्वारा नारायण की 10 अवतार की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसे काफी पसंद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर समस्त कलाकारों, दर्शकों अभिभावकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आकाश सिंह के द्वारा किया गया।

## नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

### मुर्गा को लगता है कि उसे बांग देने से ही होती है सुबह

**बिहार में फिर राजद का सूपड़ा होगा साफ**

(न्यूज12 भारत)

गया।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि तेजस्वी यादव नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे हैं, जिसकी बेसुरी आवाज कोई सुनना नहीं चाहता है। मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुर्गा को लगता है कि उसे बांग देने से ही सुबह होती है और लोगों की नींद खुलती है।




तेजस्वी यादव को यह मालूम होना चाहिए कि यह बिहार है, यहां के लोग झूठे और फरेबियों को सबक सिखाना जानते हैं। बिहार के लोग जानते हैं कि नौकरी किसने दी और कौन श्रेय लेने के लिए बेचैन है। श्री मिश्र ने कहा कि यह कोई भी समझ सकता है कि सरकार में फैसला लेने का अधिकार मुख्यमंत्री को होता है या किसी और को। क्रिकेट या किसी भी टीम का नेतृत्व कप्तान करता है। दूसरे खिलाड़ी कप्तान के नेतृत्व में सिर्फ प्रदर्शन करते हैं।

## स्माइल फाउंडेशन का 5 मई को एडु एक्सीलेंस 2024 अवार्ड समारोह

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:स्माइल फाउंडेशन धनबाद के द्वारा पांच मई को एडु एक्सीलेंस 2024 अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन भेलाटांड़ शक्ति नगर स्थित को ऑपरेटिव कॉलोनी में किया जाएगा।इस कार्यक्रम में झारखंड ऐकाडेमिक कॉउंसिल के 10 वीं और 12 वीं पासआउट छात्र छात्राओ के साथ साथ शिक्षकों और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करनेवाली संस्थाओं को भी पांच मई को सम्मानित किया जाएगा।वही इस दौरान छात्रों का कॉउंसलिंग भी किया जाएगा । उपरोक्त बात की जानकारी रविवार को




प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संस्था के सदस्यों ने बताई। वहीं उन्होंने आगे बताया कि गरीब मेधावी छात्रों को संस्था के माध्यम से स्कोलरशिप की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्माइल फाउंडेशन की अध्यक्ष सह संस्थापक रूबी सांकृत्यायन, सचिव राजेन्द्र राज,डायरेक्टर प्रेम प्रकाश,प्रोग्राम कोडिनेटर काजल मित्रा उपस्थित रही।

## पार्षद अशोक गुप्ता के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को किया गया सम्मानित

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : नगर निगम धनबाद के निवर्तमान पार्षदों द्वारा पार्षद श्री अशोक गुप्ता जी के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो जी को समर्थन के साथ सम्मानित किया गया ।

समर्थन में सभी 35 पार्षदों ने माननीय लोकसभा प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो जी को अत्यधिक वोटों से विजयी बनाने का संकल्प लिया । माननीय श्री ढुल्लू महतो जी ने सभी पार्षदों का धन्यवाद कर स्वागत किया और स्वागत के उपरांत सभी से



भाजपा को वोट करने की अपील किया । पार्षद श्री मनोरंजन सिंह जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जो सदैव गरीब गुरबों , मज़दूरों और आम नागरिकों की सेवा और मदद करने का काम किये हैं धनबाद का सभी तरह विकास होगा हमसभी जनतागण माननीय ढुल्लू महतो जी को भारी मतों से विजयी बनागेगे ,वही प्रतिनिधि श्री उच्चित महतो जी ने भारी मतों से मज़दूर के मसीहा को ज्यादा से ज्यादा वोट करवाने का वादा किया।

## जोबा मांझी ने नगर निगम के गम्हरिया क्षेत्र में चलाया जन संपर्क अभियान



**औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता**

(न्यूज12 भारत)

गम्हरिया। इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा मांझी के गम्हरिया क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे के क्रम में आदित्यपुर नगर निगम के वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मांझी ने लोगों से विकास के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बसे सभी जाति, धर्म के निवासियों के विकास के लिए चुनाव मैदान खड़ी है। औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों की आवाज बनाकर उन्हें न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने में जनसंपर्क अभियान के क्रम में कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के आवास पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जन संपर्क अभियान के तहत राहेडगोड़ा, कृष्णापुर, आसंगी, इच्छापुर, बंता नगर, ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के चार नंबर रोड, गुमटी बस्ती, शिव मंदिर आदित्यपुर 2, सालडीह, भाटिया बस्ती, बेलडीह, बड़ा गम्हरिया आदि क्षेत्र का दौरा किया गया।

# राज सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

**चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेराफेरी की आशंका**

**चुनाव आयोग कड़ाई से करे जांच और दोषियों पर करे कड़ी कार्रवाई**

(न्यूज12 भारत)

रांची : भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार अपने



स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। श्री साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ़ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेरा फेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलीपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेरा फेरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया।

श्री साहू ने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलीपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलीपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करते हैं और लैंड करते हैं।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है, लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलीपैड बनाया है, उसमें अपने चाहते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है, क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है।

श्री साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है। खेल गांव से दूरी 8 से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलीपैड बनाना संदेह के घेरे में है।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि अधिकारियों को यह बात जान लेनी चाहिए कि सरकार आती जाती है। किसी एक पक्ष में काम नहीं करें। गलत काम का अंजाम हमेशा बुरा होता है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने इस पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

# झारखंड में तृणमूल को झटका ,तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सन्नी सिंकु टीम के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

(न्यूज12 भारत)

रांची: कांग्रेस के "आ अब लौट चलें" अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं। श्री सिंकू काफी युवा और उर्जावान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की मै कामना करता हूं,इनके कांग्रेस में शामिल



होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी और उनके जीत में एक अहम भूमिका इनकी और इनके साथियों की रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा। देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी।

सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था परंतु आज मैंने अपनी भूल सुधार कर ली है और मेरी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी और राहुल गांधी के प्रति है। मैंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर सैकड़ो किलोमीटर की पदयात्रा की है। मैं अपने साथियों के साथ सिंहभूम की इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए कार्य करूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खालको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह उपस्थित थे। श्री सिंकु के साथ चाईबासा, चक्रधरपुर नगर, सदर बंदगांव, सोनुवा, गोईलकेरा, मनोहरपुर, नोवामुंडी मँझगांव, जगन्नाथपुर, टोटो, हाटगमहरिया, झींकपानी, मांझारी, तांतनगर कुमारडूंगी, गुदड़ी, आनंदपुर और खुंटपानी प्रखंड के 111 पदाधिकारियों ने कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से राधामोहन बनर्जी, अमृत मांझी, संजू सिंहदेव, फिरोज अशरफ, नारायण सिंह पूरती, बसंत तांती, तस्लीम अंसारी, अरिल सिंकू एवं शंकर मिश्रा शामिल थे।

# अपनी करनी का फल भोग रहे हैं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में देश में जितना काम किया, आज तक नहीं हुआ

- एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से जीताने की अपील
- लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को किया संबोधित




(न्यूज12 भारत)

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 28 अप्रैल को लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील जनता से की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता की जरूरत को समझते हैं। उसकी चिंता करते हैं। इंडी गठबंधन के लोग अपने परिवार की चिंता करते हैं। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार बनने के बाद पिछले 4 वर्षों से लूट की कहानी आप चारों तरफ़ से सुन रहे होंगे। कोयला, बालू, पत्थर, लोहा सब लूटा गया है। यहां तक कि सरकारी और सेना की जमीन को भी इन लोगों ने नहीं छोड़ा। फर्जी कागज बनाकर इसकी भी लूट की। यही कारण है कि आज हेमंत सोरेन जेल में है। ये लोग परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन को किसी ने फंसाया नहीं है।वह खुद फंसे हैं। उन्होंने कहा कि लूट के प्रति उन्होंने हेमंत सोरेन सचेत किया था। कई पत्र लिखा था। कहा था कि लूट हो रही है। जांच कर कर दोषी पर कार्रवाई करें। हेमंत सोरेन कार्रवाई करने के बजाय चोर और लुटेरों को संरक्षण दे रहे थे। उन्होंने जैसा काम किया था, वैसा उनको फल मिला है। आज देश में कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं है, जो अपने नाम से खदान का लीज लेता हो। कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं है जो अपनी पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लीज पर लेता हो। यह काम हेमंत सोरेन ने किया। ऐसे में जेल कौन जाएगा, भुगतना तो उन्हें ही पड़ेगा।

श्री मरांडी ने कहा की इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी है। देश आजाद होने के समय से ही झारखंड अलग राज्य गठन की लड़ाई चल रही थी। पहले जयपाल सिंह ने यह मांग उठाई थी। कांग्रेस ने जयपाल सिंह को अपने में मिला लिया। पैसे से खरीद लिया। उसके बाद शिबू सोरेन ने लड़ाई लड़ी। सरकार बचाने के लिए शिबू सोरेन को भी पैसे से खरीद लिया। सीबीआई जांच होने पर शिबू सोरेन को जेल तक जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले 50-60 साल से देश की सत्ता में थी। अगर वह चाहती तो झारखंड कब का अलग राज्य बन गया होता, लेकिन उसने कभी झारखंड के लोगों की भावना का सम्मान नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वाले लगातार पैसे पर बिकते रहे। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन करेगी। अटल बिहारी वाजपेई की केंद्र में सरकार बनते ही 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग राज्य का गठन हु। झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है।श्री मरांडी ने कहा है कि इंडी गठबंधन के लोग विकास विरोधी हैं। पहले गांव में लालटेन और ढिबरी का जमाना था। केरोसिन के लिए संघर्ष होता था। इसे लेकर हो हल्ला होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद घर-घर बिजली पहुंच गई है। आज लोग ढिबरी और लालटेन जलाना भूल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव और घरों की तस्वीर बदल दी है।


प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोहरदगा से एनडीए का प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाकर दिल्ली भेजना है। फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनाना है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की। उन्हें पक्का मकान दिया। महिलाओं को गैस का कनेक्शन दिया। झोपड़ी तक में गैस का कनेक्शन पहुंचा दिया। महिलाओं और बहनों की इज्जत के लिए घरों में शौचालय दिया। कोरोना के समय स्थिति बहुत गंभीर हो गई थी। कल कारखाने सब बंद हो गए थे। उस समय गरीबों के सामने खाने की दिक्कत हो गई थी। तब प्रधानमंत्री ने गरीबों की चिंता की। तब से देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि पहले टेलीफोन पर बात करना काफी महंगा हुआ करता था। लोग बाहर रहने वाले अपने रिश्तेदार से जी भर कर बात भी नहीं कर पाते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने टेलीफोन को बहुत सस्ता कर दिया। अब लोग जी भरकर बात करते हैं। जितनी बात करना चाहे, बात करे। दो से ढाई सौ रुपए में महीने भर बात हो जाती है। अब तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी बात हो रही है।

# छात्रहित में एक और सफल प्रयासः रोहित कुमार महतो

(न्यूज12 भारत)






बलियापुर प्रखंड के +2 स्कूल में जिसमे बलियापुर आमटाल और परसबनिया के छात्र छात्रों के लिए खुशखबरी है की उनका स्कूल ई कल्याण के लिए रजिस्ट्रेशन हो गया है । पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि लगातार प्रयास के बाद और पंचायत समिति के बैठक और विभिन्न कार्यालयों में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा था जिसके बाद सभी अधिकारियों ने सकारात्मक पहल किया खास कर के मैं मासस के केंद्रीय सचिव कॉमरेड चंद्रदेव महतो जी और प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश सिन्हा जी का भी धन्यवाद देता हूं जिनके प्रयास से छात्र छात्राओं को छात्रवृति का लाभ मिल पाएगा क्योंकि बलियापुर प्रखंड हमेशा से कृषि बहुल क्षेत्र रहा है और इससे सभी मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र होते है जिनसे मेधावी छात्र आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पढ़ाई पूरी करने में असुविधा होता है जिससे छात्रवृति मिलने से असुविधा नहीं होगी ।

# तीसरा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न

तिसरा। तीसरा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र में थाना प्रभारी सुमन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। तीसरा थाना मोर से प्रारंभ होकर फ्लैग मार्च जयरामपुर मोड, चांद कुइया, एम ओ सी पी मुकुंदा, अलकडीहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया थाना प्रभारी ने कहा कि लोग निर्भय होकर अपना मताधिकार का प्रयोग करें अधिक से अधिक वोटिंग हो। सभी नागरिक का कर्तव्य है वोट देना। क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखना ही मेरा उद्देश्य है किसी को भी किसी प्रकार का परेशानी हो तो पुलिस को सूचना करें पुलिस तत्काल आपके पास आएगी जनता के कोई भी समस्या हो तो समाधान करने का प्रयास करेंगे। फ्लैग मार्च को लोगों ने सराहा।

# 1 मई को करेंगे चुनावी पर्चा दाखिल, निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में युवा नेता सुबोध यादव लड़ेंगे चुनाव

- गिरिडीह लोकसभा के आन बान शान व युवा नेता सुबोध यादव

बेरमो से राजेश मिश्रा



बेरमो / इस बार के लोक सभा चुनाव के दौरान अनेको घटनाएं ऐसे घट रहे हैं जिसे देख व सुन आंखो और कानों पर भरोसा ही नहीं होता खासकर गिरिडीह लोक सभा चुनाव की अगर चर्चा करे तो यहां काफी ओहा पोह यानी ना समझ आने वाली स्थिति नजर आती है। बताते चले की सिटिंग सांसद की बात करे तो यहां से एनडीए गठबंधन आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी है, और दुसरी बार फिर चुनावी मैदान में प्रबल दावेदार के रुप में होने के बाद भी जनता के सवालों से भागते नजर आ रहे हैं। वही इंडी गठबंधन कांग्रेस के मथुरा प्रसाद महतो के अलावे इसी बीच एक निर्दलीय प्रत्याशी डुमरी प्रखंड के बेरहा सुइडीह पंचायत के मुखिया सह जिला मुखिया संघ के महामंत्री सुबोध यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के लिए चुनावी रण में उतरने के लिए कमर कस के एक मई को नामांकन करने की घोषणा कर दी है। निर्दलीय प्रत्याशी श्री सुबोध यादव उन्होंने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में जन कल्याण कार्यों की लम्बी फेहरिस्त जारी करते हुए दावा किया कि उसकी जीत सुनिश्चित है। कहा कि वे अच्छे खासे वोट से इस लोक सभा के चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। इसी क्रम में निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने कहा कि कि मैं दावे नहीं मेरा काम बोलेगा सिर्फ जनता मुझे एक बार मौका देकर के देख ले।

# भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक

(न्यूज12 भारत)

धनबाद | भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान की अध्यक्षता में प्रियांशी होटल में संपन्न हुई।




बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के विधायक श्रीमान राज सिन्हा जी ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक श्री ढुल्लू महतो जी नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

इन दोनों की सफलता के लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जाए। आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक और सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख की उपस्थिति के लिए आप सभी संकल्पित होकर लगे।2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ एक सरकार नहीं, बल्कि विकसित भारत के लिए है। लोकसभा प्रभारी श्री सुरेश साहू जी ने कहा की अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण से भाजपा 2024 में हैट्रिक लगाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है।

# संस्था के पहल पर बुजुर्ग मरीज को मिला रक्त

(न्यूज12 भारत)



धनबाद के आईकोन क्रिटिकल केयर अस्पताल में ईलाजरत 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज खादिजा खातून के बारे में जानकारी देते हुए रोड किंग बस ट्रैवल के संचालक ने बताया कि मरीज का हालत बहुत खराब हैं शरीर में की कमी होने के कारण डॉक्टर ने रक्त व्यस्था करने की बात कही हैं घर वाले असक्षम होने के कारण रक्तदान नहीं कर पा रहे हैं इसलिए संस्था के द्वारा इन्हें सहायता प्रदान की जाए । सूचना मिलते ही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह को इसके बारे में अवगत कराया इसके तुरंत बाद श्री सिंह के द्वारा जालान ब्लड बैंक धनबाद से मरीज के लिए एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध करा दी गई, श्री चौहान ने बताया कि भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह हमारे बड़े भाई समान हैं जिनका मार्गदर्शन हमारे संस्था को प्राप्त होता रहता हैं ।

# देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई है यह चुनाव : बंधु तिर्की

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण देश की सुरक्षा, शांति और विकास पर आफत होने की बात कही सुखदेव भगत ने

(न्यूज12 भारत)

रांची : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव, देश के साथ ही अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का भी चुनाव है. उन्होंने कहा कि आर-पार की इस लड़ाई में यदि हमसे और देश की जनता से थोड़ी-सी भी चूक हुई तो हमलोग अपने आप को कभी भी माफ नहीं कर सकेंगे.







आज इटकी के कुन्दी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी लोगों के बीच धार्मिक उन्माद, आपसी नफरत और दुष्प्रचार के बलबूते पिछले दस साल से अपनी सरकार को कायम रख सकी है और सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह भी है कि कि भ्रष्टाचार के अनेक झूठे आरोप लगाकर केन्द्र सरकार और उसकी एजेंसी विपक्षी नेताओं को परेशान करने के साथ ही विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने की चाल चलती है जो कि लोकतंत्र के लिये खतरनाक है. इस संदर्भ में उन्होंने हेमंत विश्व शर्मा, प्रफुल्ल महंत, अजीत पवार, अशोक चव्हान जैसे अनेक नेताओं की चर्चा करते हुए कहा कि जिनपर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगाये उन्हीं को अपनी ही भाजपा में शामिल कर लिया और उसके बाद उन पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को समाप्त कर दिया गया.

श्री तिर्की ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डीलिस्टिंग जैसे आधारहीन मुद्दों को बेवजह तुल देकर सरकार को बदलने की भाजपाई साज़िश को सफलता तो मिल गयी लेकिन उसके बाद बदली हुई परिस्थितियों में हसदेव जंगल के साथ जो व्यवहार किया गया और जिस प्रकार से आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है वह आज भाजपा और मोदी सरकार की करस्तानियों को बताने के लिये पर्याप्त है.

## रांची लोकसभा सीट : इस बार सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करेगा संजय सेठ ,रिकॉर्ड मतो से विजय होंगेः बाबूलाल मरांडी

(न्यूज12 भारत)



रांची : आज रांची लोकसभा के अंतर्गत रांची विधानसभा के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम बोलो द्वारा संपन्न हुआ इस अवसर पर रांची के विधायक सी पी सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज रांची के संयोजक संजीव विजय वर्गीय सहसंयोजक रमाकांत महतो पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।